भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4551
(दिनांक 20.03.2020 को उत्तर देने के लिए)

सीबीएफसी में रिक्त पद

4551. श्री राम शिरोमणि वर्माः
श्री मलूक नागरः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की परामर्श समिति में रिक्त पदों की संख्या कितनी है;

(ख) इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है; और

(ग) सीबीएफसी की परामर्श समिति को पत्र लिखने वाले पूर्व संसद सदस्यों और महापौरों की संख्या कितनी है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क) और (ख): केंद्र सरकार ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के 9 क्षेत्रीय कार्यालयों में एक-एक सलाहकार पैनल का गठन किया है ताकि बोर्ड चलचित्र अधिनियम, 1952 के तहत अपने कार्यों का दक्षतापूर्ण निर्वहन कर सके।

(ग): 17वीं लोक सभा के दौरान, सीबीएफसी में सलाहकार पैनल सदस्यों की नियुक्ति के लिए चार पूर्व संसद सदस्यों से पत्र प्राप्त हुए हैं। ऐसे पत्रों की जांच मौजूदा नियमों के अनुसार की जाती है।

****